# मीरजापुर पुलिस

**—प्रेस नोट—**

दिनांकः 28.06.2025

## थाना को0कटरा साइबर क्राइम टीम द्वारा लोन देने के नाम पर धोखाधड़ी की घटना से सम्बन्धित धनराशि ₹ 32,265/- को पीड़ित के खाते में कराया गया वापस —

आवेदक अबरार अहमद पुत्र लाल मुहम्मद निवासी लालडिग्गी पूरी कटरा थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर द्वारा दिनांकः28.03.2025 को थाना को0कटरा के NCRP पोर्टल पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया कि इन्स्टाग्राम पर लिंक के माध्यम से आनलाइन लोन लेने के दौरान खाते से ₹ 32,265/- की ठगी की गयी। उक्त के सम्बन्ध में थाना को0कटरा की साइबर सेल टीम द्वारा जाँच प्रारम्भ की गयी।

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना को0कटरा की पुलिस टीम द्वारा जाँच के दौरान ₹ 32,265/- को होल्ड कराते हुए साइबर सेल थाना को0कटरा द्वारा शिकायतकर्ता के बैंक खाते में ₹ 32,265/- वापस कराए गये। खाते में पैसे वापस आने पर आवेदक द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारी एवं साइबर क्राइम टीम थाना को0कटरा पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया।

**पुलिस टीम—**

अजीत कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना को0कटरा, मीरजापुर।

आरक्षी इरफान अंसारी साइबर सेल थाना को0कटरा, मीरजापुर।

